नईदुनिया
जबलपुर, गुरुवार, 01 अक्टूबर, 2026

कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं छात्राएं

मानकुंवर बाई कालेज में डेकोर कार्यक्रम का समापन





नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर: शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्राओं को 'हस्तशिल्प होम डेकोर आइटम्स' एवं 'टेली प्राइम 7.1' का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। प्रकोष्ठ प्रभारी डा. कविता चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य डा. सुनीता मिश्रा ने छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कौशल विकास को रोजगार के लिए महत्वपूर्ण बताया। रेडीमेड गारमेंट्स क्लस्टर के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. दीपक जैन ने रोजगार के अवसरों की जानकारी दी, जबकि अकाउंट मित्र के डायरेक्टर सूरज अग्रवाल ने प्रशिक्षण को आत्मनिर्भरता का माध्यम बताया।











कौशल से आत्मनिर्भरता की ओर, मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि, प्राध्यापक एवं छात्राएं। • नईदुनिया

Scanned by CamScanner